तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 मार्च 2024



10 मटका रेस में सबसे तेज दौड़ी केएम महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुमन





10 बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की




## खबर संक्षेप

### हरियाणा के राज्यपाल बंडारू उचाना में आज

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को उचाना उपमंडल में पहुंचेगें। महामहिम राज्यपाल छह मार्च को दोपहर डेढ़ बजे उचाना के राजीव गांधी महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत कर विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण करेंगे।

### महिला के बैग से लाखों कीमत के आभूषण चोरी

**कैथल।** बस में कुरुक्षेत्र से अपने घर गांव कौल जा रही महिला के बैग से चोर सोने के करीब एक लाख रुपये कीमत के गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कौल निवासी सिवाती ने ढांड थाना में शिकायत दी कि चार मार्च को वह और उसकी दादी कुरुक्षेत्र से ढांड बस में में अपने घर आ रहे थे। उसकी दादी ने गले में सोने की जो चेन व लोकेट पहना हुआ था।

### जलघर से 4 बिजली की मोटर चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव ललितखेड़ा जलघर का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने चार बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। जिससे गांव की पेयजल स्पलाई बाधित हो गई। सदर थाना पुलिस ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कृष्ण ने पुलिस को शिकायत दी है।

### चोरी के मामले में 4 आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** ढांड स्थित 2 चाय की दुकान से चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एचसी अशोक कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी शांति नगर कैथल निवासी बिट्टू, करोड़ा निवासी सुमित, कैलरम निवासी करण व राम नगर निवासी साहिल को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### बस का इंतजार कर रहे युवक पर किया हमला

**जींद।** गांव ईंटलखुर्द बस अड्डे पर बस का इंतजार कर रहे युवक पर दो बाइकों पर सवार होकर आए आधा दर्जन युवकों ने रॉड तथा डंडों से हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर कुछ अन्य कि खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जाजवान निवासी विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर में कोचिंग ले रहा है।

## एसडीएम, सीएमओ, डीएसपी के आश्वासन पर माने

# संदिग्ध मौत पर बिफरे परिजनों का नागरिक अस्पताल में धरना

### पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अशरफगढ़ निवासी टिंकू की पीजीआई रोहतक में संदिग्ध मौत को लेकर परिजनों ने पुलिस पर थर्ड डिग्री देने आरोप लगाते नागरिक अस्पताल में धरना शुरू कर दिया है। परिजनों ने सीआरएसयू चौकी स्टाफ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने, मामले की सीबीआई से जांच करवाने, पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता समेत अन्य मांगे रखी है। मागें न माने जाने तक शव को नागरिक हस्पताल से उठाने से माना कर दिया। **क्या है मामला:** गांव अशरफगढ निवासी टिंकू को गत 28 फरवरी को उपचार के लिए पीजीआई रोहतक मे भर्ती करवाया था। जहा पर तीन मार्च को टिंकू की मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए मौत का कारण बीमारी बता कर वहां से ले आए। जिसके बाद चार मार्च को शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल ले आए। परिजनों ने आरोप लगाया कि लगभग छह माह पहले टिंकू को पुलिस ने हत्या के मामले में संदेह के आधार पर उठाया था। जहां पर उसे थर्ड डिग्री दी गई। जब असली हत्यारे मिले तो उसे छोड़ दिया गया। तभी से टिंकू के हालात खराब चल रहे थे। आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा थर्ड डिग्री दिए जाने के कारण टिंकू की मौत हुई है। मंगलवार को मृतक टिंकू के शव को तीन सदस्यीय चिकित्सक बोर्ड पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद परिजनों ने थर्ड डिग्री देने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या तथा एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज करने, मामले की सबीआई से जांच करवाने, पचास लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मृतक की पत्नी को स्थायी रोजगार देने, मृतक परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की गई। जिसके साथ मृतक के परिजन नागरिक अस्पताल मे धरने पर बैठ गए और मागे न माने जाने तक शव का उठाने से मना कर दिया। सदर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि पुलिस पर जो प्रताडना के आरोप लगाए जा रहे हैं, वो निराधार हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने हाल ही में चार्ज लिया है। मामला सदर थाने का है। नागरिक अस्पताल में धरना शुरू करने पर परिजनों से बातचीत की जाएगी।



जींद। नागरकि अस्पताल में धरना देते मृतक परिजन। फोटो :हरिभूमि





जींद। मृतक परिजनों से बातचीत कर उनका मांग पत्र लेते एसडीएम।

### मामले की गंभीरता से जांच की जाएगीः डीएसपी

देर शाम को एसडीएम पंकज, सीएमओ डा. गोपाल गोयल, डीएसपी रोहताश ढुल पहुंचे और मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। जिस पर परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया। डीएसपी रोहताश ढुल ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। इसके अलावा जो भी मांग पत्र परिजनों द्वारा दिया गया है उसे सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा।

# बादलों ने फिर बढ़ाई किसानों की धड़कनें

### न्यूनतम तापमान लुढ़कने से ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मंगलवार दोपहर बाद आकाश में बादलों के छाने से फिर से किसानों की सांसें अटकी रही। बूंदाबांदी के आसार भी बने रहे। जिसके साथ किसानों की धड़कनें भी उपर नीचे होती रही। किसानों को लगातार भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बिगडे.तेवर उनकी बची फसल को और चौपट न कर दे। मंगलवार को अधिकतम 22 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 38% तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान बादलवाई भी दिखाई देगी। मंगलवार को दिन का आगाज साफ मौसम तथा ठंड के साथ हुआ। दोपहर तक मौसम साफ बना रहा। हवा कि गति भी मंद बनी रही। बावजूद इसके ठंड का अहसास होता रहा। दोपहर बाद आकाश में बादल घिर आए। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बन गए। हवा कि तेज के चलते ठंड का अहसास लगातार होता रहा। जिसके साथ हवा की गुणवत्ता में सुधार दिखाई दिया। हवा का एक्यूआई 79 रहा।



जींद। आसमान में छाए बादल। फोटो :हरिभूमि

**किसानों के चेहरों पर उभरी चिंता की लकीरें:** किसान बेमौसमी बारिश तथा ओलावृष्टि की मार से उभरे नही थे कि मंगलवार दोपहर बाद आकाश में छाए बाद्ल फिर से खतरा बन कर मंडराने लेगे। जिसके चलते किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखने को मिली। किसानों का कहना है कि बेमौसमी बारिश तथा ओलावृष्टि से रबी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। अब फिर से बादल खतरा बन कर मंडराने लगे। मौसम के बिगड़े तेवर उनकी बची हुई फसल को चौपट न कर दे। उचाना तथा नरवाना के किसानों का फसल मुआवजा की मांग को लेकर अधिकारियों की चौखट पर दस्तक देने का सिलसिला भी जारी रहा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश तथा ओलावृष्टि के चलते तापमान में गिरावट आई है। रात के तापमान मे गिरावट बनी रहेगी। सुबह तथा शाम ठंड बनी रहेगी। दिन के तापमान में कुछ वृद्धि होगी। मौसम शुष्क बना रहेगा। आकाश में बादलवाई भी दिखाई देगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**नरवाना।** दिल्ली बठिंडा रेलमार्ग पर धमतान गांव के रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की रेलगाडी की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की उम्र करीब 40 साल है जिसने नीली जींस की पेंट सफेद नीली धारीदार कमीज व लाल नीले रंग की जैकेट पहनी हुई है। युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है जिसके लिए मृतक के शव को नरवाना नागरिक अस्पताल के शव गृह में शिनाख्त के लिए रखवा दिया है नरवाना रेलवे स्टेशन चौंकि ईचार्ज चरण सिहं चौपडा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुचना मिली थी धमतान रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति की रेलगाडी के नीचे आने से मृत्यू हो गई जिसके बाद मौके पर पहुंच कर शव को बरामद किया लेकिन युवक की पहचान नहीं हो सकी न ही युवक के पास किसी प्रकार का कोई पहचान पत्र मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। शव को बरामद करके शिनाख्त के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है।

### मोबाइल से नकल करते एक परीक्षार्थी को पकड़ा

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को आयोजित 10वीं कक्षा की संस्कृत व 12वीं कक्षा की फिलोस्पी विषय की परीक्षा थी। प्रश्न पत्र फ्लाइंग टीम इंचार्ज ओमप्रकाश ने एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा की परीक्षा दे रहे विद्यार्थी पारस को मोबाइल की सहायता से नकल करते पकड़ा गया है। बताया कि अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक रही है। गौरतलब है कि 27 से 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हुई थी। अब तक कंप्यूटर साइंस, एनएसक्यूएफ, संस्कृत व केमिस्ट्री, अकाउंट्स व पब्लिक एड विषय की परीक्षा नकल रहित रही है।



दातासिंह वाला बॉर्डर पर पैदल मार्च निकालते खटकड़ टोल कमेटी सदस्य।

### किसानों ने दातासिंहवाला बॉर्डर पर निकाला पैदल मार्च

**जींद।** प्रदेशभर से किसान मंगलवार को दातासिंह वाला बॉर्डर पर पहुंचे। यहां इन्होंने पैदल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। खटकड़ टोल कमेटी काफी सदस्यों ने यहां पहुंचकर पंजाब के किसानों का हर संभव साथ देने का वायदा किया। खटकड़ टोल कमेटी के कैप्टन भूपेंद्र जागलान, अनिश खटकड़, सुनील बद्दोवाल, अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि पंजाब के किसान 13 फरवरी से दातासिंह वाला बॉर्डर पर बैठे हैं लेकिन इनको दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा। हरियाणा सरकार इन किसानों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रही हैए जो बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। खटकड़ टोल कमेटी पंजाब के किसानों के साथ है तथा हर संभव मदद की जाएगी। जिस भी दिन पंजाब के किसान दिल्ली कूच का दोबारा ऐलान करेंगे, खटकड़ टोल कमेटी से भारी संख्या में किसान आकर इनका साथ देंगे। कैप्टन जागलान ने कहा कि सरकार ने रास्ते बंद कर दिए हैं। हरियाणा व पंजाब की सीमा को इस प्रकार सील कर दिया जैसे यह कोई पाकिस्तान व भारत की सीमा हो। मंगलवार को यहां पैदल मार्च निकाला गया है। प्रतिदिन वह लोग आकर यहां पर इन किसानों के साथ बैठेंगे।

# शहर को मिलेगी बंदरों से निजात पकड़ने के अभियान का शुभारंभ

- नैनवे प्राइवेट लिमिटेड पकड़ेगी 1700 रुपये प्रति बंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर परिषद ने शहर को बंदरों से मुक्त बनाने का कार्य शुरु कर दिया है। मापदंडो तथा शतारे् पर खरी उतरी नैनवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नप ने 1700 रुपये प्रति बदर पकडने को ठेका दिया है। जो पूरी बदर परिवार को पकड कर उसे कलेसर के जगलो मे छोड़ेगी। दो हजार बदर पकडने का कार्य फर्म को दो माह मे पूरा करना होगा। मंगलवार को फर्म ने शहर से बदर पकडने का कार्य शुरू कर दिया है। शहर में बंदरों की बढ़ती तादाद को देखते हुए नप ने जनवरी महीने में टैंडर मांगे थे। 31 जनवरी को टैंडर खोला गया तो चार फमार्रे् ने आवेदन किया, लेकिन टैक्त्रीकल बिड पर 3 फर्म खरा नहीं उतरी । जिस पर नप ने दोबारा टैंडर लगाया।

जिसमे में भी 4 फर्म सामने आई। सबसे कम रेट देने वाले नैनवे प्राइवेट लिमिटेड को नप ने बंदर पकडऩे का काम दिया है। जिसके लिए नप 1700 रुपये प्रति बंदर ठेकेदार को देगी। ठेकेदार को दो महीने में बंदरों को पकड़ना होगा।

#### ये बोले सीएसआई

नगर परिषद के सीएसआई अनिल नैन बताया कि शहर में बंदर पकड़ने के लिए टेंडर अलॉट कर दिया है। फर्म ने बंदर पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। फर्म बंदर पकड़ते समय नियमों तथा शर्तों की पालना करनी होगी। दो महीने में टारगेट को पूरा करना होगा। उन्होंने लोगो से भी सहयोग करने की अपील की है। वह खुद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ठेकेदार द्वारा पकड़े जा रहे बंदरों के तरीको पर निगरानी बनाए हुए है।

### कुत्तों को पकड़ जंगल में छोड़ने की लगाई गुहार


**गुहला-चीका।** पहले लोगों को जहां टूटी सड़कों से परेशानी थी, वहीं अब सड़कों पर आवारा घूम रहे खुंखार कुत्तों व बेसहारा गायों ने लोगों के नाक में दम किया हुआ है। कॉलोनी के बाशिंदों दर्शन लाल, अशोक कुमार, अंकित गुप्ता, शिव कुमार, संजय गर्ग, बलबीर चंद, अनिल कुमार व महिन्द्र पाल आदि ने आज यहां बताया कि कॉलोनी में आवारा कुत्ते लोगों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। उन्होंने बताया कि आवारा कुत्तों की वजह से सुबह व शाम के वक्त पार्क में घूमने वाले बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जब उक्त लोग पार्क में जाते हैं तो झुंड बनाकर घूमने वाले आवारा कुत्ते उन्हें काटने को दौड़ते हैं, जिसके चलते कई लोग डर के मारे सड़क पर गिर जाते हैं और चोटिल भी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं शाम को ट्यूशन पर जाने वाले बच्चों को भी उक्त कुत्तों की वजह से घर के सदस्यों को हाथ में डंडा लेकर ट्यूशन पर छोड़ने व बाद में उन्हें लेने के लिए जाना पड़ता है। परंतु गुहला प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि कालोनियों में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़कर जल्द से जल्द जंगल में छोड़ा जाए ताकि लोगों को आवारा कुत्तों से निजात मिल सके।

# पत्नी के दूसरी शादी करने की धमकियों से परेशान होकर युवक ने लगाया फंदा

### मृतक की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पत्नी द्वारा दूसरी शादी करने की धमकियों से तंग आकर एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मृतक की पत्नी के खिलाफ युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। भाट कॉलोनी ढांड निवासी बलदेव सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके पिता की मौत करीब 7/8 साल पहले हो चुकी है। वे तीन भाई हैं। उसका छोटा भाई 19 वर्षीय सहदेव भी मजदूरी करता था और करीब 8/10 महीने पहले सोनिया नाम की लडकी से शादी की थी। वह पहले उनके साथ रहती थी, लेकिन अब राजपुरा पंजाब में रह रही है। सहदेव की पत्नी सोनिया तीन दिन पहले अपने परिवार से मिलने के लिए कहकर अपने मायके गई थी। सोनिया अक्सर सहदेव को फोन पर धमकी देती थी कि उसे उसके साथ नहीं रहना है। उसने दूसरी शादी कर ली है। इसी बात को लेकर सहदेव अक्सर परेशान रहने लगा। चार मार्च को दोपहर करीब ढाई बजे सहदेव ने अपनी पत्नी सोनिया से तंग आकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके भाई सहदेव को सोनिया ने मरने के लिए विवश कर दिया, जिस पर उसने आत्महत्या कर ली।






कैथल। नंदसिंह वाला पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी।

### ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व लोकसभा सांसद नायब सैनी ने सुनी लोगों की समस्याएं

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नायब सैनी आज गांव नंदसिंह वाला में पहुंचे, जहां उन्होंने एक शादी कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद कार्यकर्ताओं व गांव के लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को फोन पर आदेश भी दिए। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, मनीष कठवाड़, पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। नायब सैनी ने इस दौरान लोगों को केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में बताया और लोगों से आगामी चुनावों में कमल के फुल को जिताने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है, जिसका लाभ उठाया जा सकता है। इस योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्रदान की जाएगी। नायब सैनी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का स्वागत किया और कहा कि अगर कोई सांसद नोट लेकर वोट देगा तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा, जो अच्छी बात है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी।

## खबर संक्षेप

### व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने राजेश

**उचाना।** जजपा द्वारा जारी विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में राजेश बांगड़ को जेजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई। राजेश बांगड़ द्वारा पार्टी सुप्रीमो डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाल, पार्टी कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि निरंतर व्यापारी वर्ग को संगठन के साथ जोड़ने का काम करेंगे।

### दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप

**जुलाना।** जुलाना थाना क्षेत्र के तहत महिला को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म करने पर पुलिस ने सुसरालजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुलाना थाना क्षेत्र के तहत एक महिला ने महिला थाना पुलिस दी शिकायत में बताया कि उसके परिजनों ने उसकी शादी में दान दहेज भी दिया था लेकिन सुसराल पक्ष के लोग उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया।

### बराला को लोस चुनाव संयोजक बनाने पर जताया आभार

**उचाना।** भाजपा राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा हरियाणा में संयोजक की जिम्मेदारी दिए जाने पर सुभाष बराला समर्थकों ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीयध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का आभार प्रकट किया।

### कार्यालय का टूटा ताला हजारों का सामान चोरी

**जींद।** हुडा काम्पलेक्टस देवीलाल ग्राउंड के निकट बीती रात चोरों ने निजी कार्यालय का ताला तोड़ कर वहां रखे हजारो रुपये कीमत के सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव जैजैवंती निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने हुडा काम्पलेक्स में कार्यालय किराये पर लिया हुआ है।

### युवती से अश्लील हरकत करने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव मुआना में युवती से अश पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही सिंदर उसकी तरफ अश करता है। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर सिंदर के खिलाफ अश समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बदलाव संदेश रैली की तैयारियों पर मंथन

**जींद।** आगामी नौ मार्च को जींद के हुड्डा ग्राउंड मे होने वाली वामपंथी पार्टियों मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बदलाव संदेश रैली की तैयारियों जको लेकर बैठक का आयोजन किया गया। संबोधित करते हुए रमेश चंद्र ने कहा कि आरएसएस से संचालित भाजपा सरकारों ने लूट, झूठ, फूट करके देश व प्रदेश की सत्ता पर भाजपा ने पूरी तरह से अपना कब्जा कर लिया है।

### स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता शिविर का किया आयोजन

**जींद।** छोटू राम किसान कॉलेज की महिला प्रकोष्ठ शाखा एवं महिला सेनेटरी जागरूकता शाखा के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता कैंप का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में डा. मुस्कान मिगलानी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

### ईरा इंटरनेशनल स्कूल ने निकाली जागरुकता रैली

**नरवाना ।** मंगलवार को ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा में जिला शिक्षा अधिकारी जींद व मुख्य चिकत्सा अधिकारी जींद के दिशा निर्देशानुसार स्कूल के विद्यार्थियों एवं खिलाडियों द्वारा गाँव डूमरखा में पोलियो रैली निकाली गई। इस रैली को डूमरखा खुर्द के प्राइमरी हेल्थ सेटर के डॉ चंद्रमणि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीआरएसयू में प्रतियोगिता आयोजित

# मटका रेस में सबसे तेज दौड़ी केएम महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुमन

### स्त्री को तय करना होगा कि सीता, लक्ष्मीबाई को आदर्श माने या आज के आधुनिक युग की नायिकाओं को : नूनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को पोस्टर मेकिंग, मटका दौड़, नींबू दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई। इसका शुभारंभ कुलपति डा. रणपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर पहुंची अनीता नूनीवल ने कहा कि स्त्री को तय करना होगा कि सीता, लक्ष्मीबाई को आदर्श माने या आज के आधुनिक युग की नायिकाओं को। यहीं से सफलता व समाज बनना शुरू हो जाता है। महिला कोई भी कार्य करती है तो केवल उसका ही व्यक्तित्व का विकास नही होता है। उसके परिवार और समाज का भी विकास होता है। स्त्री पानी के सामान होती है। प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था में संसाधनों पर पुरुषों का अधिकार होता था। शिक्षा, विवाह, नौकरी, व्यवसाय जैसे अधिकारों के लिए स्त्री को संघर्ष करना पड़ता था।राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिफेंस कॉलोनी से पहुंचे डा. वीरेंद्र कुमार एवं डा. सुमन पूनिया ने बताया कि स्वास्थ्य केवल मात्र रोग का अभाव नहीं बल्कि त्रिदोष, समस्त अग्नियां, समस्त धातु समस्त मलों का सम अवस्था में रहना व मन इंद्रियों एवं आत्मा का प्रसन्न रहना ही स्वास्थ्य है। अच्छे अंक प्राप्ति में भी योग की अहम भूमिका है, ऐसे विशेष प्राणायामों का अभ्यास डॉण वीरेंद्र कुमार द्वारा बच्चों एवं अध्यापकों को करवाया गया।



**जींद।** दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेती प्राध्यापिकाएं। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये विजेता रही

प्रतियोगिताओं में मटका दौड़ में केएम महाविद्यालय की प्राध्यापिका सुमन प्रथम, सीआरएसयू की प्राध्यापिका सुदेश द्वितीय और तृतीय डा. सुमन रही। गैर शैक्षणिक में प्रथम सुनीता, द्वितीय अनिता और तृतीय पिंकी रही। स्नातकोत्तर स्तर में प्रथम मीना, द्वितीय ममता और तृतीय किरण रही। स्नातक स्तर पर प्रथम सुनैना, द्वितीय मनीषा और तृतीय काजल रही। नींबू दौड़ में डा. सुमन प्रथम, द्वितीय रीना और तृतीय सुमन रही। गैर शैक्षणिक में प्रथम पूजा, द्वितीय सुमित्रा और तृतीय कविता रही। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम बीना, द्वितीय पूजा और तृतीय वर्षा रही। स्नातक स्तर पर प्रथम मीना, द्वितीय निशा और तृतीय मनीषा रही।



**जींद।** सीआरएसयू में आयोजित नींबू दौड़ में हिस्सा लेती प्राध्यापिकाएं। *फोटो :हरिभूमि*

# वेतनमान को लेकर क्लर्कों ने जताया रोष

- वित्त विभाग द्वारा जारी 21700 के नोटिफिकेशन को नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



संदीप कुंडू

भाजपा सरकार की क्लकार्ें के वेतन बढ़ोत्तरी से संबंधित वित्त विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन 21700 को लिपिकों ने सिरे से नकार दिया है।

पिछले 20 साल के कर्मियों के संघर्ष को लॉलीपॉप देते हुए 19900-21700 का ग्रेरड वित्त विभाग ने जारी कर दिया। नए ग्रेड की नोटिफिकेशन कर कर्मियों के आंदोलन को शांत करने का प्रयास किया है लेकिन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी इस अन्याय व शोषण को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगा। हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएसशन केंद्रीय कमेटी सदस्य संदीप सांगवान ने बताया कि नई घोषणा से सरकार की रीढ़ कहलाने वाले क्लकोंर् की जेब में कुछ नहीं आया है बल्कि किसी भी नए व पुराने क्लर्क को एक रुपये का भी फायदा नहीं हुआ है। चूंकि जो ग्रेड फिक्स किया है, वह तो पहले से मिल ही रहा है बल्कि जिन कर्मियों की नौकरी तीन-चार साल पुरानी हो चुकी है, वे तो उससे ऊपर ही पहुंचने को है। ऐसे में सरकार के नए नोटिफिकेशन का किसी को भी फायदा नही होने वाला है। संदीप सांगवान ने बताया कि सातवें पे-कमीशन में क्लर्क 35400 का हकदार बनता है। जिसके लिए वे क्लर्क पिछले दो दशकों से आंदोलनरत्त भी हैं। कर्मचारी नेताओं का तर्क है कि वेतनमान बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर पूर्ववर्ती सरकार के समय वर्ष 2012 में कुरूक्षेत्र में लगातार 477 दिनों तक आंदोलन कर डेरा डाले रखा था तथा 2017 में पूर्व भाजपा अध्यक्ष रामबिलास शर्मा के गृह जिला में 316 दिनों तक तथा अब पिछले दिनों 42 दिन की हड़ताल पर भी डटे रहे।

### विद्यार्थियों के पास रोजगार के अवसरों की कमी नहीं : जैन



**जींद ।** राजकीय पीजी कालेज में प्लेसमेंट द्वारा मेडिकल संकाय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार अवसर विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य प्रवक्ता एसडी महाविद्यालय पानीपत से प्राणी विज्ञान विभाग से डा. राहुल जैन ने शिरकत की। डा. जैन ने बताया कि मेडिकल विषय के विद्यार्थी के पास रोजगार अवसरों की कोई कमी नही है। उन्होंने आगे विस्तार से बताया कि विद्यार्थी एमएससी, नेट, जेआरएफ के बाद टीचिंग को भी रोजगार के रूप में चुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी लैब टेक्नीशियन, हैल्थ एक्सपर्ट, साइंस राइटर इत्यादि क्षेत्र को चुन सकता है। प्राचार्य सत्यवान मालिक ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ते समय सही रोजगार क्षेत्र का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है और ऐसे सेमिनार का आयोजन विद्यार्थियों को सही दिशा चुनने में मदद करेगा।

# वर्तमान भारत स्वामी दयानंद की देन : डॉ. विद्यार्थी

- स्वामी दयानंद सरस्वती के जन्मदिवस पर यज्ञ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** डीएवी स्कूल में यज्ञ में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

आर्य समाज के संस्थापक तथा डीएवी संस्थाओं के आधार स्वामी दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट में आयोजित यज्ञोत्सव में डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि यदि स्वामी दयानंद सरस्वती ना होते तो देश को आजादी देर में मिलती और यदि स्वामी दयानंद सरस्वती ना होते तो देश का यह स्वरूप जो आज है यह नहीं होता। वर्तमान भारत स्वामी दयानंद की देन है। विशेष रूप से डीएवी संस्थानों में काम करने वाले प्रत्येक अध्यापक और कर्मचारियों का यह कर्तव्य है कि वह साधारण जनता को स्वामी दयानंद के दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित करें तथा स्वयं भी उनके सिद्धांतों का पालन करें। आर्य समाज के उप प्रधान करण देव शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती को युगपुरुष बताया तथा उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला तो धर्मपाल वालिया ने बताया कि उन्हें स्वामी दयानंद सरस्वती की जन्मभूमि गुजरात में टंकारा जाने का अवसर मिला तो उन्हें बहुत संतोष प्राप्त हुआ तथा अपने जीवन को सफल बनाने का मौका मिला। मंजू परुथी ने कविता से स्वामी दयानंद सरस्वती को स्मरण किया। सुजाता शर्मा ने उनके जीवन की घटनाओं का वर्णन करते उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

### मोहर लगाने से मना करने पर किया चौकीदार पर हमला

**जुलाना।** नंदगढ़ गांव के सरकारी स्कूल के चौकीदार पर हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। लजवाना खुर्द गांव निवासी 55 साल का लीला नंदगढ़ गांव के सरकारी स्कूल में बतौर चौकीदार नौकरी करता था।मंगलवार को लीला अपनी ड्यूटी पर गया। अचानक कूछ हमलावरों ने स्कूल में पहुंच कर उस पर तेज धार हथियार से हमला कर दिया। हमले में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। हमले में चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई रैफर किया गया। नंदगढ़ के सरकारी स्कूल के चौकीदार का घायल अवस्था में विडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह एक आरोपी का नाम लेकर बोल रहा है। हालांकि आरोप लगाया है कि आरोपी फोटो पर मोहर लगवाने आया था तो उसने मना कर दिया।

# बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

- श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल ईगराह में अभियान के तहत पिलाई दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बच्चों को दवाई पिलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल ईगराह में पोलियोमुक्त देश अभियान के तहत अंतिम चरण में स्कूल द्वारा समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेवारी व सहयोग में एक और कदम बढ़ाते स्कूल में उन बच्चों को पोलियो बूंद पिलाई गई जोकि किसी कारणवश सरकार द्वारा चलाए अभियान के तहत 3 से 5 मार्च के दौरान छूट गए थे। पोलियो मुक्त देश अभियान पूरे देश भर में 3 से 5 मार्च तक चलाया जा रहा है। पोलियो की दो बूंद बच्चों के शारीरिक विकास व उनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता पैदा करती है। बहुउद्देशीय मुहिम के दौरान श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रिंसिपल कृष्णानंद व नॉर्थ अकैडमीक डीन शिवा कुमार सरकार के साथ-साथ प्राथमिक हेल्थ सेंटर रामराय से आई हुई मेडिकल टीम भी उपस्थित रही। डॉक्टर अमित मलिक मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज व सदस्य जगदीश सैनी मेडिकल हेल्थ सुपरवाइजर व सीनियर हेल्थ ील इशार इंस्पेक्टर के साथ-साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। जगदीश सैनी व प्रिंसिपल ने बच्चों को स्वस्थ जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल द्वारा की गई इस पहल को समाज के प्रति चेतना का एक बेहतरीन कदम बताया। उनका मानना है कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य की जानकारी पर भी ध्यान देना चाहिए।



**जींद।** बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### नशा समाज के लिए बेहद घातक : नरेश कुमार

**जींद।** छोटूराम किसान आईटीआई में आईजी हिसार मंडल डा. एम रवि किरण द्वारा चलाए जा रहे ड्रग मुक्त अभियान के तहत नशे से बचने व छोड़ने के लिए एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस शिविर में हिसार मंडल पुलिस की टीम के सदस्य नरेश कुमार ने ड्रग मुक्त अभियान के तहत छात्रों को नशे के कई प्रकार जैसे अफीम, शराब, बीड़ी, सिगरेट, चिट्टा, कोकीन से दूर रहने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि नशे की लत को छुड़ाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जिले के नागरिक अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाता है। एएसआई प्रवीण कुमार ने साईबर क्राइम व साइबर धोखेबाजी से बचने के अनेक कारगर व प्रभावी तरीकों की भी जानकारी दी। सीटी सोनिया ने यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर आचार्य सूर्यदेव ने भी छात्रों को नशे से दूर रह कर योग को अपनाने की बात कही। जिससे जीवन को सही रास्ते पर ले जाया जा सके। संस्थान के प्राचार्य पवन कुमार रेढू ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए टीम का धन्यवाद किया। वर्ग अनुदेशक जयभगावन दलाल, सजंय सागंवान, प्रदीप कुमार और सुशील मौजूद रहे।

# निधि व पूजा ने जीता कांस्य पदक

- चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का खेलो इंडिया में बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की महिला मुक्केबाज खिलाड़ियों का विवि पहुंचने पर वीसी डा. रणपाल सिंह व कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने स्वागत किया गया। कुलसचिव प्रो.लवलीन मोहन ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी और भविष्य में भी अच्छा खेल प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस साथ ही खेल निदेशालय द्वारा खेल के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी कुमारी निधि 63-66 किलोग्राम व पूजा 48-50 किलोग्राम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में भाग लेते हुए देशभक्त तरुण राम फूकन इनडोर स्टेडियम असम में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर खेल निदेशक डा. नरेश कुमार ने बताया कि इस साल चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने देश के विश्वविद्यालयों के साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेते हुए भारत में 20वां स्थान प्राप्त किया और हरियाणा रा'य में तीसरा स्थान प्राप्त करते चार स्वर्ण पदक व तीन कांस्य पदक जीते। प्रो एसके सिन्हा, डा. जितेंद्र, डा. जयपाल सिंह राजपूत, वित्तीय अधिकारी सतीश कुमार काजल, प्रधान खेल परिषद चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी डा. कुलदीप नारा आदि मौजूद रहे।




**जींद।** विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्राचार्या पूनम मोर। *फोटो :हरिभूमि*

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वृंदा ने मारी बाजी

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज के उद्यमिता विकास सेल के द्वारा उद्यमशीलता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की जबकि प्रतियोगिता का संचालन उद्यमिता विकास सेल की प्रभारी डा. प्रियंका साहनी ने किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को व्यवसायिक विचार के बारे में सोचना और उसे पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत करना था। छात्राओं ने स्टार्टअप कैसे किया जाए तथा व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए उद्यमी में किस तरह के कौशल गुण तथा योग्यताएं होनी चाहिए, इसके बारे भी पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कुल 16 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका रेखा सैनी और अंजू ने निभाई। प्रतियोगिता में बीए गणित ऑनर्स प्रथम वर्ष की छात्रा वृंदा ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्या पूनम मोर ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गोशालाओं में होगा बेसहारा गोवंश का पुनर्वास : डीसी

# बेसहारा गोवंश की होगी गुलाबी टैगिंग: डीसी

- सभी गोवंश की टैगिंग करने के बाद नंबर होगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** बैठक में दिशा-निर्देश देते डीसी।

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला में बेसहारा घुमने वाले सभी गोवंश की गुलाबी रंग के टैग लगाकर उनकी पहचान की जाएगी और उनके पुनर्वास के लिए समीपस्थ गौशालाओं में उनकों छोडा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गौवंश अब बेसहारा नही है। डीसी ने यह बात मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला में संचालित सभी गौशालाओं के प्रधान व प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह उपस्थित रही। उपायुक्त ने कहा कि सडकों पर घूमने वाले पशुओं से सड़क हादसों का भय बना रहता है, हादसों में कई बार जान व माल की काफी हानि हो जाती है। इनसे होने वाली दूर्घटनाओं में वाहन चालक ही नहीं बल्कि पशुओं को भी गंभीर सड़क हादसों का शिकार होना पड़ता है।

### पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए

डीसी पशु पालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी गौ वंश की टैंगिंग कर उनका एक नंबर जारी करें ताकि सभी गौवंश की संख्या का पता लगाया जा सके। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से आहवान किया कि सभी टैंगिग गौवंश को नजदीक लगती गौशालाओं में पुनर्वास करवाया जाए। उन्होंने कहा कि टैंगिंग से यह भी पता चल सकेगा कि यह गौवंश किस गौशाला का है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं समस्याएं सुनने के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन किया गया है जो गौशलाओं संचालकों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निवारण भी करेंगी। उन्होंने कहा कि जिला में यदि किसी गौशाला के पास गौचरण भूमि की कमी है तो आवश्यकता अनुसार नियमों के तहत गौचरण भूमि लिज पर लेने के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेसहारा गायों को सहारा व उनके लिए चारा उपलब्ध करवाने की दिशा में सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी गौशाला में गौवंश के लिए चारे की कमी नही रहने दी जाए। इसके लिए संचालकों को समयबद्ध तरीके से व्यवस्था कर लेनी चाहिए। सभी गौशालाओं में गाय व नंदी के लिए अलग-अलग शैड का निर्माण व्यवस्था होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं में चिकित्सा सम्बंधी किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाए।



ब्रह्मा कुमारीज नरवाना सेवा केन्द्र पर आयोजित बैठक में उपस्थित श्रद्धालुगण।

### ब्रह्माकुमारीज का संगीतमयी शिवरात्रि महोत्सव आज, मशहूर गायक कनु सिरसा करेंगे शिरकत

**नरवाना।** ब्रह्मा कुमारीज के प्रेम नगर स्थित सेवा केन्द्र पर स्थानीय प्रभारी बीके सीमा बहन एवं बीके ममता की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई। उन्होंने बताया कि 6 मार्च बुधवार शाम 4 बजे विश्वकर्मा धर्मशाला में संगीतमयी शिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें गायक भाई कनु सिरसा शिरकत करेंगे जो कि देश-विदेश में स्थित संस्था से जुडे लोगों के बीच काफी मशहूर हैं। कनु सिरसा हरियाणवी एवं हिंदी में शिव महिमा के गीतों का रस बिखेरेंगे और नरवाना के लोगों को शिव बाबा का संदेश गीतों के माध्यम से देने की सेवा करेंगे। इसमें लोगों को बढ-चढ कर इसमें भाग लेने का आहवान किया गया। मीटिंग में तैयारियों का जायजा लिया गया और सभी की डयूटियां लगाई गई।

## खबर संक्षेप

### साथ मिलने पर दिव्यांग बुलंदियों को छू सकते हैं

**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कैथल में सभी स्पेशल अध्यापकों की एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशाप की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष वर्मा ने की उन्होंने सभी स्पेशल अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि दिव्यांग बच्चों को साथ दिया जाए तो वह बुलंदियों को छू सकते हैं।

### शक्ति वंदन पद यात्रा को हरी झंडी दिखाई

**कैथल।** कैथल विधानसभा में शक्ति वंदन कार्यक्रम ज्योति सैनी जिला उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। इस वंदन पद यात्रा के कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कपिल कमल कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा लघु सचिवालय से होकर करनाल रोड से पेहवा चौक पर इस यात्रा का समापन किया गया।

### नशे के दुष्परिणामों के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत मंगलवार को जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा सीवन व भागल में युवाओं सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

### महिलाओं के लिए कारगर है उद्यमिता योजना

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना कारगर है। सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए योजना शुरू की गई है।

### एनएसएस ने एक दिवसीय शिविर लगाया

**कैथल।** शिविर में 150 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भाम्बू ने कहा कि एनएसएस में जो कुछ सीखने को मिले, स्वयंसेवक उसे जीवनशैली में अवश्य उतारे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य सेवा के माध्यम से शिक्षा है।

### नकदी व आभूषण चोरी मामले में 5 आरोपी काबू

**कैथल।** संपत्ति विरुद्ध अपराधियों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 पुलिस द्वारा फतेहपुर स्थित एक मकान में सेंधमारी करके नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फतेहपुर निवासी संतोष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### 300 यूनिट तक मिलेगी मुफ्त बिजली : डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार बताया कि जिलावासी सरकार की ओर से लागू की गई पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली प्रदान की जाएगी। योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 13 फरवरी 2024 को की थी।

### जान माल की सुरक्षा करने में सरकार विफल

**कैथल।** व्यापारी प्रतिनिधि की एक आवश्यक बैठक प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में कैथल में हुई। प्रदेश में खराब कानून व्यवस्था, व्यापार व उद्योग बिछड़ने पर चिंता प्रकट की। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में व्यापारी व आम जनता के साथ हो रही लूटपाट, हत्या, फिरौती व फायरिंग से भय का माहौल है।

---

### गांव बालू में अवैध कब्जा हटाने पहुंचा था जिला प्रशासन

# निशानदेही की स्थिति साफ नहीं होने से बैरंग लौटे अधिकारी

**पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर हटाने जाने हैं अवैध कब्जे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


**कलायत।** कलायत के गांव बालू में उप्पलों के भंडारण के बीच निशानदेही की लाइन तलाशते अधिकारी व ग्रामीण।

कलायत के गांव बालू में पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद प्रशासन तालाब व गलियों की जमीन से अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही को पूरी करने में सफल नहीं हो रहा। पिछले कई माह से इसको लेकर अनगिनत बार अधिकारियों की टीम गांव का दौरा करते हुए ग्रामीणों से बैठकें कर चुकी है। लेकिन अभी तक अधिकारी तालाबों की जमीन का वास्तविक स्वरूप नहीं तलाश पा रहे। इसके चलते ग्रामीणों में आनन-फानन में कार्यवाही करने को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी है। उधर शिकायतकर्ता गुरदेव सिंह भी प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है। मंगलवार को तालाबों की जमीन से कब्जे हटाने के लिए ड्यूटि मैजिस्ट्रेट दिनेश ढिल्लो, बीडीपीओ तरुण कुमार, थाना प्रभारी रामनिवास और अन्य अधिकारियों की टीम भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंची। लेकिन जमीन की स्थिति साफ न हो पाने के कारण अधिकारियों की टीम उप्पलों के भंडार, तालाबों व गलियों का आइडिया लगाकर इधर-उधर की खाक छानकर खाली हाथ लौट आई।


**कलायत।** कलायत के गांव बालू में दोनों पक्षों से बातचीत करते बीडीपीओ तरुण कुमार।

#### इस तरह उलझन में फंसे अधिकारी

गांव बालू बिढाण पट्टी में जैसे ही अधिकारी पहुंचे तो ग्रामीणों ने बताया कि वे पहले ही तालाबों की जमीन से कब्जे हटा चुके हैं। यदि प्रशासन को कोई संदेह है तो फिर से निशानदेही की कार्यवाही पूरी करते हुए वास्तविक स्थिति साफ की जाए। इसके बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही हो। ताकि अवैध के नाम पर किसी वैध के खिलाफ कार्यवाही न हो पाए।

#### हाईकोर्ट के आदेशों की नहीं हो रही पालना

शिकायतकर्ता गुरदेव सिंह ने बताया कि कुछ लोगों ने तालाब व गलियों पर अवैध कब्जे कर रखे हैं।

इसकी पूरी स्थिति काफी पहले साफ हो चुकी है। लेकिन राजस्व और पंचायती राज विभाग मिलीभगत करते हुए कब्जों को हटाने के नाम पर गुमराह कर रहे हैं। यह पूरी तरह से उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। इसको लेकर वे न्यायालय के आदेशों की अवमानना करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे।


#### राजस्व विभाग से दोबारा मांगी जाएगी निशानदेही की रिपोर्ट: बीडीपीओ

बीडीपीओ तरुण कुमार ने बताया कि न्यायालय का आदेश पर तालाब व गलियों की जमीन से अवैध कब्जे हटाना हैं। लेकिन निशानदेही की स्थिति क्लीयर नहीं हो पा रही। इसलिए राजस्व विभाग से पूरी रिपोर्ट लेते हुए पारदर्शिता से कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस संबंध में आगामी तारीख निर्धारित होगी। ग्रामीण भी पुनः निशानदेही के बाद कार्यवाही के पक्ष में हैं।

#### सुबह से ही पुलिस स्टेशन में सुरक्षा को लेकर किए गए थे कड़े प्रबंध

गांव बालू में तालाब व गलियों की जमीन से अवैध कब्जे हटाने के लिए सुबह से ही कलायत पुलिस स्टेशन मे भारी पुलिस बल तैनात था। विभागीय कार्यवाही पूरी करते हुए अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ गांव में रवाना हुई। लेकिन काफी देर की कवायद के बाद टीम बैरंग लौट आई।

---



### पूर्व विधायक तेजवीर सिंह फिर से बने प्रधान

**ढांड।** जनता कॉलेज एजुकेशन सोसाइटी कौल कैथल की प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरे गए। चुनाव अधिकारी प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान पद के लिए तेजवीर सिंह पूर्व विधायक एवं कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय जनता पार्टी, उप प्रधान पद के लिए कंवर सिंह, महासचिव पद के लिए कर्ण सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार नम्बरदार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करवाए गए। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी तीन वर्षो के लिए चारों पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि तेजवीर सिंह निरन्तर 2003 से अब तक आठवीं बार प्रधान पद के लिए चुने गए। उन्होंने बताया कि चौधरी तेजवीर सिंह हरियाणा के समस्त सहायता प्राप्त कॉलेज वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) के सन 2018 से न केवल संस्थापक अध्यक्ष हैं बल्कि वर्तमान में भी सर्वसम्मति से 97 एडिड कॉलेजों की वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं।



### महर्षि दयानंद सरस्वती कन्याओं की शिक्षा पर जोर दिया : डॉ रश्मि

**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में इतिहास विभाग महिला प्रकोष्ठ व स्पेशल डे सेलिब्रेशन कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती के उपलक्ष में ऑनलाइन एक्सटेंशन लेक्चरर का आयोजन किया गया। व्याख्यान के लिए डॉ रश्मि (हिंदू कन्या महाविद्यालय, इतिहास विभाग) को आमंत्रित किया गया। डॉ रश्मि ने महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के उपलक्ष में छात्राओं को उनके जीवन व व्यक्तित्व से रूबरू करवाया। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष के निमार्ता में सरस्वती दयानंद को सर्वोच्च स्थान दिया गया। उन्होंने देश की राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक मुक्ति के लिए अथक प्रयास किए थे। डॉ रश्मि ने सरस्वती के जन्म, शिक्षा, समाज के लिए किए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महर्षि दयानंद जी का शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष योगदान रहा इसलिए उनके नाम पर प्रदेश भर में डीएवी (दयानंद एंग्लो वैदिक) शिक्षा संस्थान खोले गए । उन्होंने कन्याओं की शिक्षा पर जोर दिया। व्याख्यान के अंत में महाविद्यालय के छात्राओं ने आनलाइन माध्यम से ही डॉ रश्मि से दयानंद सरस्वती जी के संबंध में सवाल पूछे जिनका डॉ रश्मि ने बड़े ही सरल तरीके से उत्तर दिया ।

---



### सिक्किम में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में कैथल के तीन बॉक्सरों ने जीते पदक

**कैथल।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी में छाए कैथल जिले के बॉक्सर 25 फरवरी से 29 फरवरी तक ऑल इंडिया खेलो यूनिवर्सिटी का आयोजन सिक्किम में करवाया गया। इसमें जिला कैथल की तरफ से लकी 60 किलो में कांस्य पदक प्राप्त किया , दीपक पयोदा ने 57 किलो वजन में कांस्य पदक प्राप्त किया। क्रिश ने 86 किलो वजन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से खेलते हुए खेलो इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस जीत का श्रेय बॉक्सिंग प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह, विक्रम डुल और गुरमीत सिंह को जाता है। इससे पहले भी जिला कैथल के बॉक्सरों ने हरियाणा का ही नहीं भारत का नाम भी रोशन किया है। इस अवसर पर डीएसओ सुमन मलिक, मौलिक मुख्य अध्यापक विजय कुमार, कर्मबीर फोजी,महेंद्र बूमबक, सुनील, संदीप कुमार, अमरजीत बॉक्सिंग प्रशिक्षक, प्रशांत राय ,विजय कुमार ,राजेश कुमार, अनूप धीमान आदि मौजूद थे।

### बच्चों को पिलाई गई पोलियो की बूंदें

**गुहला-चीका।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे प्लस पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत तीसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर घर पोलियो ड्राप पिलाने के कार्य को अमलीजामा पहनाया गया, जिसके तहत गुहला में 0 से 5 वर्ष तक के सभी 18204 बच्चों को पोलियों रोधी दवाई पिलाई गई। इस सन्दर्भ में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी देते हुए एस. एम. ओ. गुहला डॉ संजीव ने बताया कि उपमंडल में इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग द्वारा 238 टीमों के अलावा 8 मोबाइल टीमों का गठन किया गया था नतीजतन उक्त टीमों ने रविवार को 119 बूथों के माध्यम से उपमडल के 0 से 5 वर्ष तक के 14777 बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाई थी।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में गुरमीत का चयन

- शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में हैंडबॉल खिलाड़ी गुरमीत को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

27 से 29 जनवरी 2024 को पूरे भारतवर्ष में जितनी भी सरकारी व प्राइवेट यूनिवर्सिटी है, उन सभी के हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हैंडबॉल चैंपियनशिप जो आक्टवेरा स्पेन में होगी। इन खिलाड़ियों का चयन महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी कोट्टायम केरला में हुआ। भारत की सभी यूनिवर्सिटी से आए खिलाड़ियों में से भारतीय यूनिवर्सिटी की टीम में


**कैथल।** हैंडबॉल खिलाड़ी गुरमीत को सम्मानित करती डीएसओ सुमन मलिक व अन्य।

शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत के हैंडबॉल खिलाड़ी गुरमीत गांव सुरता खेड़ा का चयन भारतीय यूनिवर्सिटी की टीम में हुआ है जो 26 से 30 जून 2024 स्पेन में भारत प्रतिनिधित्व करेगा। गौरतलब है कि गुरमीत इस टीम में गोलकीपर की भूमिका निभाएगा। वह इससे पहले भी हरियाणा प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर व जूनियर नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में अनेक बार मेडल जीत चुका है। पिछले वर्ष भी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीत चुका है तथा 2021 में हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था।इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप सिंह, निदेशक जितेंद्र सिंह, खेल निदेशक वीरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल श्रीकांत आर्यन ने खिलाड़ी गुरमीत व उसके अभिभावकों को बधाई दी। गुरमीत के हैंडबॉल प्रशिक्षक राज धारीवाल व सतीश ने इस उपलब्धि का सारा श्रेय विद्यालय द्वारा दी गई खेल सुविधाओं तथा खिलाड़ी द्वारा की गई मेहनत व लगन को दिया है। जिला खेल अधिकारी कैथल सुमन मलिक मुख्या अतिथि ने कहा की कामयाब होने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ती है।

---

### खेल नर्सरी खोलने के लिए 15 मार्च तक करें आवेदन :सुमन मलिक

**कैथल।** डीएसओ सुमन मलिक ने बताया कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार नए कदम उठा रही है। इसी कड़ी में खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई है। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। डीएसओ सुमन मलिक ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास है।

## स्टार अवार्ड सेरेमनी आयोजित

- एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में स्टार अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार व चेयरपर्सन निधि कंसल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक सत्र में विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग व प्राचार्य डॉ संत कौशिक



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल के एमडी डा. विनोद कुमार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से इस संदर्भ मे आयोजित स्पेल बी, निबंध लेखन, राखी मेकिंग, कार्ड मेकिंग, गायन, स्टोरी टैलिंग, कला, संगीत, थिएटर, पोस्टर बनाना, स्केचिंग, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली, एकल नृत्य, समूह नृत्य, हस्तलेखन, क्ले मॉडलिंग, ड्रामेबाज, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद और उद्घोषणा, संगोष्ठी, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवसों और त्योहारों का उत्सव, सांस्कृतिक प्रदर्शनी, विरासत जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

### राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में दाखिला लेने के लिए 15 अप्रैल तक करें आवेदन

**कैथल।** सैनिक अर्धसैनिक विभाग के कल्याण अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कालेज की परीक्षा का आयोजन 1 जून को किया जाएगा, जिसे लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। देहरादून स्थित कॉलेज में कक्षा आठवीं में प्रवेश लेने के लिए छात्र-छात्राएं दोनों 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र एवं छात्राओं की आयु 1 जून 2025 को साढे 11 वर्ष से कम तथा 13 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। परीक्षा देते समय विद्यार्थी या तो कक्षा 7वीं अध्ययनरत हो या उतीर्ण होना चाहिए।



### बिना स्किल के किसी भी फील्ड में महारत हासिल नहीं की जा सकती : डा. इंदु अग्रवाल

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्लेसमेंट सेल व कॉमर्स विभाग के सहयोग से 4 मार्च 2024 को कैम्पस टू कॉपोरेंट कार्यक्रम पर एक एक्सटेंशन लेक्चरर आयोजित किया गया जिसमें दिशा फॉर सक्सेस एंड टैलेंट ग्राओ ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर इंदु अग्रवाल , हायर एजुकेशन के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला कैंट से रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉक्टर अरुण जोशी व विनय भल्ला एलुमिनस आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने वकताओं के रूप में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथिगण के स्वागत से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथियों का सम्मान किया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। टैलेंट गो ग्लोबल एवं दिशा फॉर सक्सेस की फाउंडर इंदु अग्रवाल ने उद्यमिता के बारे में और कौशल विकास के बारे में बच्चों को बताया उन्होंने यह भी समझाया कि बिना स्किल के किसी भी फील्ड में महारत हासिल नहीं की जा सकती।

---



### पंडित रवि दत्त शास्त्री को संस्कृत गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया

**पूंडरी।** श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय नई दिल्ली के सौजन्य से श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय पंजाबी बाग नई दिल्ली में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पुंडरी के मूल निवासी पंडित रवि दत्त शास्त्री को संस्कृत गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शास्त्री ने बताया कि हमारी शिक्षा प्रणाली राम और कृष्ण पैदा करने वाली हो हमारी शिक्षा पद्धति वाल्मीकि वशिष्ठ और सांदीपनि जैसी हो। जिसमें राम और कृष्ण जैसी व्यक्ति निर्मित हो सके वर्तमान शिक्षा पद्धति उचित नहीं है। इसे बदलने की आवश्यकता है मैं काले की शिक्षा पद्धति ने देश की संस्कृति को भ्रमित कर संस्कारहीन बना दिया है हम पाश्चात्य परिवेश में अपनी देवीय संस्कृति को विस्मृत करते जा रहे हैं हम पर अंग्रेजी हावी है गुरुकुल शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के अंदर ईश्वर भक्ति राष्ट्र भक्ति मातृ पितृ भक्त से ओत-प्रोत करके एक अच्छी नागरिक का निर्माण करना है।

### आरकेएसडी कॉलेज कैथल के पूर्व प्रधानों को करेंगे सम्मानित

# कुरूक्षेत्र विवि के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जनता रियल ऐस्टेट कैथल में स्वतंत्र समूह सेवा समिति व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जो समिति के प्रधान कृष्ण शयोकन्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई। हसला कैथल के जिला पूर्व प्रधान ईश्वर ढांडा ने बताया कि 10 मार्च को आरकेएसडी कालेज कैथल मे समिति द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से सभी युनिवर्सिटी के पूर्व प्रधान व छात्र नेता भाग लेंगे। आरकेएसडी कालेज कैथल के पूर्व मे रहे सभी प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा और आरकेएसडी कालेज कैथल के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। पूर्व छात्र एसोसिएशन ने पिछले वर्ष संवतन्त्र सेवा समिति का गठन पूर्व छात्र नेता प्रदीप मोर जो समिती के अब चेयरमैन है, के मार्गदर्शन में हुआ।


**कैथल।** केयूके के पूर्व प्रधान कृष्ण श्योकंद पूर्व छात्र मिलन समारोह का न्योता देते हुए।

समिति का कार्य समाजिक कार्यो और शिक्षा स्वास्थ्य और खेलो मे जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना है। अब तक सीमित ने 20 सरकारी स्कूलो मे लगभग 2000 बच्चों को जर्सियां वितरित की जा चुकी है और कई गांव में लाइब्रेरी मे पुस्तकें उपलब्ध करवा गई है और जरूरतमंद छात्राओं को लैपटॉप भी उपलब्ध करवाए हैं। बता दें कि प्रदीप मोर स्वतंत्र समूह सेवा समिति को प्रतिमाह 2 लाख की राशि बच्चों की सहायतार्थ देते हैं। कैथल मे पूर्व छात्र मिलन समारोह एक ऐतिहासिक समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. अविनाश कुमार चावला, डा सतदेव, प्रो. अनिल वशिष्ठ डीन कुरूक्षेत्र विवि व डा. संजय गोयल प्रधानाचार्य आरकेएसडी कालेज कैथल होंगे। आरकेएसडी कालेज कैथल के छात्र संघ के पूर्व प्रधान रहे विधायक लीला राम गुजर भी पहुचेंगे। अध्यक्षता प्रदीप मोर व समिति के प्रधान कृष्ण शयोकंद करेंगे।आज के कार्यक्रम में हसला कैथल के प्रधान जितेंद्र करोडा, वीरेन्द्र सांगवान, कृष्ण देबन, राजेश नैन, भाग सिंह खनौदा, सत्यवान माजरा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक

**राजौंद।** गांव सेरधा के अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान छात्राओं को डा यशवंती व डा निर्मला ने जल संरक्षण बारे विशेष जानकारी दी तथा जल संरक्षण पर बताया कि किस तरह हम जल का संरक्षण कर सकते हैं।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज प्रताडन्ना का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी शादी 2018 में एक युवक के साथ हुई थी। शादी के उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया।

### आठ को अजय चौटाला लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**नरवाना।** मंगलवार को जेजेपी कार्यकर्ताओं कि मीटिंग हल्का प्रधान सुरेंद्र गोयत की अध्यक्षता में उनके फार्म पर संपन्न हुई। इस मिटिंग का मुख्य एजेंडा 8 मार्च को डॉ अजय सिंह चौटाला के धरौदी गांव की गौशाला में होने वाले प्रोगाम का सफल बनाने का रहा। 8 मार्च को धरौदी गौशाला में एक कार्यक्रम में डॉ अजय सिहं चौटाला शिरकत करेंगे।

### स्वामी दयानंद ने देश और समाज को सही राह दिखाई

**सफीदों।** स्वामी दयानंद सरस्वती ने देश और समाज को सही राह दिखाने का काम किया। यह बात महषि दयानंद गौसंवर्धन केंद्र गाजीपुर दिल्ली के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कही। वे नगर के आर्य सदन में महर्षि दयानंद जयंती पर बोल रहे थे। बचन सिंह आर्य ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक थे।

### 7 को रोजगार मेले का होगा आयोजन

**नरवाना।** शहर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आगामी 7 मार्च वीरवार को मुशासी ऑटो लिमिटेड बावल रेवाड़ी, सनबीम ऑटो लिमिटेड गुरुग्राम तथा एचपीएल इलेक्ट्रिक लिमिटेड मानेसर कंपनी के द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने दी है।

### समस्याओं का तुरंत प्रभाव से निदान करें

**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि उपमंडल के सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ नागरिकों को समयबद्ध देना सुनिश्चित करें। कार्यालय में अपनी नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं का तुरंत प्रभाव से निदान करें। अगर किसी कार्य में तकनीकी समस्या आती है, तो उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का निदान समय पर किया जा सके। एसडीएम कृष्ण कुमार गुहला-चीका स्थित कार्यालय में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैठक के दौरान दिशा निर्देश दिए।

## महिलाओं, छात्राओं ने विधायक के साथ किया कदम ताल

# नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला मैराथन का हुआ आयोजन

### भाजपा ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम ला कर महिलाओं का मान बढाया : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा द्वारा मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिविद्यालय से शुरू हुई और बाईपास से होते हुए वापस महाविद्यालय में संपन्न हुई। मैराथन में सैंकडों महिलाओं, छात्राओं ने प्रतिभागिता की और विधायक के साथ कदमताल किया। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भाजपा ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम ला कर महिलाओं का मान बढाने का काम किया है।

यह कोई सामान्य कानून नहीं है। यह नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बहुत मजबूत कदम है। महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने और क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर करने के लिए, वीमेन लेड डिवलप्मेंट का नया युग देश में लाने की जो गारंटी दी गई थी, यह उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस कानून के माध्यम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भाजपा देश, माताओं, बहनों, बेटियों के सामने आने वाली हर अड़चन को दूर कर रही है।


जींद। गोहाना रोड पर मैराथन में विधायक के साथ कदमताल करते हुए महिलाएं व छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा की नारी शक्ति वंदन यात्रा में जमकर थिरकीं महिलाएं

**पूंडरी।** आज पूंडरी विधानसभा में भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन यात्रा जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी की अध्यक्षता में निकाली। यात्रा कन्या महाविधालय से शुरू होकर शहीद अहुलवालिया चोंक पर मालार्पण के पश्चात पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान महिलाएं जमकर थिरकती देखी गई और महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। अनिता चौधरी ने महिलाओं में जोश भरते हुए लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए भी अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। अनिता चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कोई बूथ कमजोर न रहे इसके लिए अभी से रणनीति बनाकर काम करना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है।


सफीदों। यात्रा का स्वागत करते हुए एडवोकेट विजयपाल सिंह।

### नारी शक्ति वंदन यात्रा, मातृशक्ति जनजागरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : विजयपाल सिंह

**सफीदों।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सोमवार को नगर में नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पुरानी चुंगी से होते हुए आहलुवालिया भवन स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पहुंची महिलाओं के सम्मान में विजयपाल सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चलाए गए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति का जनजागरण करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं बनाकर उनको लागू भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की योजनाओं की बदौलत आज समाज में महिलाएं आगे बढ़ी हैं। ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर क्षेत्र में महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों को पूरा देश स्वीकार कर चुका है। हर प्रदेश के लोग भाजपा की नीतियों में आस्था जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार फिर से केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी। भाजपा हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट भी जीतेगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्षा कविता शर्मा, रामरती वर्मा, सरोज सैनी, सरोज भाटिया, मंजू शर्मा, विजय सैनी, हरीश शर्मा, राजकुमार जोगी, सत्यवान मलार व जैरी आदि मौजूद थे।


कैथल। नारी शक्ति वंदन यात्रा निकालती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### चीका में नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली

■ भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

देश व प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने वह महिलाओं को अधिक से अधिक भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु मंगलवार को चीका में नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा की अगुवाई नगर पालिका चीका की पूर्व चेयरपर्सन अमनदीप कौर शर्मा ने की। इससे पहले अग्रवाल धर्मशाला चीका में एकत्रित हुई सैकड़ो महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री अमनदीप शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जितना सम्मान देश की महिलाओं को दिया है आज तक किसी भी सरकार ने नहीं दिया। शर्मा ने कहा आज नारी केवल नारों और जुमलों से बाहर निकलकर जमीनी तौर पर सशक्त हो रही है। आर्थिक सामाजिक राजनीतिक हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा साबित करने के अवसर मिल रहे हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमनदीप शर्मा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशों पर चल रही हमारी हरियाणा की प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं की रक्षा और सुरक्षा के लिए जबरदस्त पुलिस व्यवस्था की है। अब एक फोन घुमाने पर चंद सेकंड में ही पुलिस महिला की लोकेशन पर पहुंच जाती है। रात में सफर करने वाली अकेली लड़कियों के लिए भी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। अमनदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मुस्लिम महिलाओं को भी तीन तलाक के कलंक से मुक्त करवाया है। अमन ने कहा कि यही कारण है कि हर वर्ग मैं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं की वोट के सबसे प्रबल हकदार हैं। भगवान श्री राम का मंदिर बनाने के लिए सरकार का आभार व्यक्त करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि भगवान राम हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक पुरुष है। गुरुद्वारा के समक्ष संपन्न हुई यात्रा नारी वंदन पड यात्रा का समापन गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर शहीदी मार्ग के समक्ष हुआ।

## अध्यापक संघ की स्कूल समस्याओं को लेकर डीईईओ के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ हरियाणा की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी के साथ अध्यापकों व स्कूलों की समस्याओं बारे बैठक हुई।

जिला सचिव मामराज जांगड़ा ने बताया कि छात्तर स्कूल के जेबीटी टीचर्स को बहाल करवाने, जेबीटी से टीजीटी पदोन्नति मामले, पेंडिंग एसीपी मामले, पेंडिंग मेडिकल मामले, अध्यापकों के एलटीसी मामले व बजटए पैंडिंग जीपीएफ मामले, गुम हुई पर्सनल फाइलों बारे, बजट, बिजली बिलों की राशि, साल 2008 व 2011 के टीचर्स के ऑरीजनल सर्टिफिकेट वापस करने, मिड-डे मील की समस्याओं, बीएलओ ड्यूटी अध्यापकों की जगह आंगनबाड़ी वर्कर्स की लगाने, 2007 में पदोन्नत भाषा अध्यापकों को एसीपी का लाभ देने, गैस्ट टीचर्स की एलटीसी सैंक्शन करनेए स्कूलों में सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था करने, ड्यूल डैस्क व स्कूलों की अन्य समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। राज्य कोषाध्यक्ष संजीव सिंगला ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक में जेबीटी टीचरों के निलंबन मामले में टीचर्स को बहाल करने पर सहमति बन गई है।

# हैल्थ वेलनेस सेंटरों के नाम बदलने शुरू

■ हैल्थ वेलनस सेंटरों कोआयुष्मान आरोग्य मंदिर कह कर पुकारा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जींद में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में खोले गए हैल्थ वेलनेस सेंटरों के नाम बदलने शुरू कर दिए हैं। अब इन सेंटरों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर कह कर पुकारा जाएगा। जींद जिला में कुल 84 हैल्थ वेलनेस सेंटर हैं, जहां पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बोर्ड लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकतर सेंटरों पर यह बोर्ड लगाए जा चुके हैं। इन बोर्डों के निरीक्षण के लिए सीएमओ डा. गोपाल गोयल व डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने इन सेंटरों का निरीक्षण किया और जहां बोर्ड नही लगे थे, वहां तुरंत प्रभाव से बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। हैल्थ वेलनेस सेंटर का मूल उद्देश्य लोगों को बीमार होने से बचाना है। इसमें योगा एवं अन्य जीवनशैली के रोगों की रोकथाम करना है। इसमें रोग के होने से पहले ही उसके बचाव के उपाय करना है।




### हलके पीले रंग के लगाए गए हैं बोर्ड

जींद में संचालित चिकित्सा संस्थानों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर लिखित हलके पीले रंग के बोर्ड लगाए गए हैं। इन पर सभी स्तर पर आरोग्यं परमं धनम भी लिखा गया है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से निर्देश जारी करने के बाद हरियाणा सरकार के स्तर पर गाइडलाइन बनाई गई थी। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 12 तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होती हैं ताकि नागरिक अस्पतालों में मरीजों की भीड़ कम हो वहीं शहरवासियों को अपने नजदीक ही प्राथमिक उपचार की सुविधा मिले।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोर्ड लगाने कार्य जारी

डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय ने इसके लिए सिविल सर्जन कार्यालय को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए थे। जिन पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इन सेंटरों पर सीएचओ साधारण बीमारियों की ओपीडी देखते हैं। इसके अलावा आयुष, योग एवं काउंसलिंग भी देते हैं। इसके अलावा सेंटर पर 25 से 30 तरह के टेस्ट की भी सुविधा मिलती है ताकि मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार मिल सके। वहीं सरकार की तरफ से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चलाई जा रही योजनाओं, एनसीडी के तहत चल रहे कार्यक्रमों को लेकर लोगों को जानकारी दी जाती है।

### पार्टी और संगठन से पहले देश बचाना जरूरी

**जुलाना।** पार्टी और संगठन से पहले देश को बचाना जरूरी है। भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है। कुरूक्षेत्र लोकसभा से देश में बदलाव की शुरूआत होगी। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और गठबंधन के कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता ने आप नेता विरेंद्र लाठर के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लोकत्रंत को खत्म कर तानाशाह राज बनाना चाहती है। इसका बड़ा उदाहरण चंडीगढ़ मेयर चुनाव में देखने को मिला। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी भाजपा सरकार पर फटकार लगाई। स्वतंत्र एजेंसियों का भी दुरूपयोग किया जा रहा है।

## सीआरएसयू के दो खिलाड़ी हैंडबॉल वर्ल्ड यूनिवर्सिटी मैड्रिड स्पेन में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की खिलाड़ी कुमारी गरिमा और संध्या वर्ल्ड यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला टीम के लिए चयनित हुई है। चयन 25 व 26 जनवरी को महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टयमए केरल में आयोजित किए गए थे। इस दौरान पूरे भारत से विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ी मैड्रिड, स्पेन में आयोजित होने वाली वर्ल्ड विश्वविद्यालय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चयनित हुए। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रणपाल सिंह व कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने चयनित दोनों खिलाड़ियों और कोच चिराग ढांडा को बधाई दी। खेल निदेशक डा. नरेश कुमार ने बच्चों के खेल की प्रशंसा की और भविष्य में अच्छे खेल प्रदर्शन की कामना की। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय में पहुंचने पर बच्चों का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर एसके सिन्हा, डा. जितेंद्र, डा. जयपाल सिंह राजपूत, वित्तीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।


जींद। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला टीम के लिए चयनित हुई दोनों खिलाड़ी कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन के साथ। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का धरना जारी

**जींद।** पंचायत विभाग द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से हाजिरी लगाकर सरपंचों को मानदेय या वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देकर ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ट्यूबवेल ऑपरेटरों को शोषण और बेगार की दलदल में धकेलने के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने मंगलवार को दूसरे दिन धरना दिया। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान ईश्वर सिंह बुआना ने की जबकि संचालन कृष्ण लजवाना ने किया। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी किसी भी सूरत में इस असंवैधानिक फरमान को सहन नहीं करेगी। कर्मचारियों ने सरकार पर जमकर हमला बोला है।

## डाक्टर रणवीर बने भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के दूसरी बार सदस्य

■ लोकसभा चुनावों में वे डटकर मेहनत करें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

डाक्टर रणबीर सिंह को भारतीय जनता पार्टी के कर्मचारी प्रकोष्ठ का दूसरी बार सदस्य नियुक्त किए जाने पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हल्का गुहला भाजपा के विस्तारक विजय कंबोज ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस अवसर पर डॉक्टर रणवीर सिंह व उनके समर्थकों ने विस्तारक कंबोज को फूल मालाएं भेंट कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विजय कंबोज ने कहा कि भाजपा पार्टी ही देश व प्रदेश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकताअरं का पूरा मान व सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा में एक साधारण कार्यकर्ता अपनी मेहनत, लगन व निष्ठा से भारत के प्रधानमंत्री की कुर्सी तक भी पहुंच सकता है। उन्होंने कार्यकर्ता का आह्वान किया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में वे डटकर मेहनत करें और घर घर जाकर लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत करवाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें ताकि तीसरी बार मोदी पीएम बनें।


गुहला-चीका। भाजपा विस्तारक का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

### कॉलेज में चलाया वोट जागरूकता अभियान

**सफीदों।** नगर के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को वोट जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने शिरकत की। इस अभियान में विभिन्न प्रकार की पेटिंग्स, सेल्फी प्वाईंट व स्लोग्नों के माध्यम से विद्यार्थियों को वोट करने के प्रति जागरूक किया गया। अपने संबोधन में डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि प्रजातंत्र में युवा मतदाताओं की भूमिका काफी अहम होती है। जब प्रत्येक मतदाता मतदान के के रूप में मिले अपने अधिकार के साथ दायित्व व कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करेगा तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि आज के युवा भविष्य के राष्ट्र धरोहर हैं। जातिवाद, संप्रदायवाद व किसी भी तरह के प्रलोभन दूर हटकर मतदान करेंगे तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं का उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे मतदाता सूची में अपना नाम जरूर शामिल कराएं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**कार्यक्रम** | ब्लॉक स्तर पर लखपति दीदी महासम्मलेन को लेकर कार्यक्रम होंगे कार्यक्रम आयोजित

# कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा ड्रोन प्रशिक्षण

■ स्वयं सहायता समूहों को वर्चुअली संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर बुधवार छह मार्च को आयोजित महासम्मेलन में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने इस आश्य की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम जिला एवं खंड स्तर पर आयोजित किये जाएगें। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि छह मार्च को सुबह साढे नौ बजे शुरू होने वाले इन कार्यक्त्रमों का सूचारू रूप से संचालन करवाने को लेकर संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बतायस कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए स्थानीय डीआरडीए के सभागार का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में जींद के विधायक डा. कृष्णलाल मिड्ढा व नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगें। इसी प्रकार जिला के सभी खंडों में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उचाना खंड के लिए एसडीएम कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा, जुलाना खंड के लिए बीडीपीओ कार्यालय जुलाना में पुष्पा तायल, सफीदों खंड के लिए सरला कॉलेज में होने वाले कार्यक्रम में बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरपाल राणा, पिल्लूखेडा खंड के लिए बीडीपीओ कार्यालय में होने वाले कार्यक्रम के लिए सपफीदों के पूर्व विधायक कली राम पटवारी, नरवाना खंड के लिए लघु सचिवालय नरवाना में जोरा सिंह, राकनप्रा पाठशाला नगूरां में बलकार सिंह डाहोला तथा उझाना खंड के लिए बीडीपीओ कार्यालय में महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।


जींद। बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### एक दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख से अधिक की आय के लिए सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए उन्हें कई योजनाओं में शामिल किया गया है। उन्होंने ने कहा कि लखपति दीदी योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के साथ बिजनेस प्लान बनाना होगाए इसके बाद यह योजना एवं आवेदन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सरकार को भेजा जाता है। यदि व्यवसाय योजना की समीक्षा के बाद आपका आवेदन स्वीकार कर लिया जाता है तो नियमानुसार ब्याज मुक्त ण दिया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभाग से संबंधित कायोंर् को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।